# <u>ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ओआरए)</u>

**प्रश्न 1: ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ओआरए) को भरने के लिए मैं साइट पर कैसे जा सकता हूं?**

**उत्तर:** ऑनलाइन भर्ती आवेदन के होम पेज पर जाने के लिए आपको **http://www.upsconline.nic.in** पर लॉग ऑन करना होगा।

**प्रश्न 2 : मैं आयोग द्वारा विज्ञापित भर्ती मामले में, ऑनलाइन आवेदन कैसे कर सकता हूं?**

**उत्तर :** आप ओआरए वेबसाइट के होम पेज पर उपलब्ध "न्यू पंजीकरण" लिंक पर क्लिक करके स्वयं को पंजीकृत कर सकते है। सफल पंजीकरण होने पर, ओआरए सिस्टम द्वारा एक पंजीकरण आईडी जेनरेट की जाएगी। यह पंजीकरण आईडी उम्मीदवार को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भी भेजी जाती है। आपको ऑनलाइन आवेदन भरने और जमा करने के लिए भर्ती मामले में दिए गए "अभी आवेदन करें" बटन पर क्लिक करना होगा।

**प्रश्न 3 : क्या ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए आवेदक का मार्गदर्शन करने के लिए कोई विस्तृत अनुदेश हैं?**

**उत्तर :** हां, ऑनलाइन भर्ती आवेदन भरने के लिए, आवेदक को ओआरए वेबसाइट http://www.upsconline.nic.in के "वर्तमान रिक्तियां" पृष्ठ पर प्रदर्शित "ऑनलाइन भर्ती आवेदन भरने के लिए उम्मीदवारों को अनुदेश" को अवश्य देखना चाहिए।

**प्रश्न 4 : यदि पृष्ठ पर पहुंचने में देरी हो रही हो तो मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर :** पृष्ठ पर पहुंचने में देरी इंटरनेट स्पीड, एक ही समय पर बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा आवेदन को पंजीकृत करने का प्रयास करने आदि जैसे विभिन्न कारणों पर निर्भर करती है। इसलिए, यदि आप पंजीकरण के लिए पृष्ठ पर शीघ्र नहीं पहुंच पाते हैं तो कृपया कुछ समय बाद पुन: प्रयास करें, बेहतर होगा कि व्यस्त घंटो के दौरान प्रयास न करें।

**प्रश्न 5 : क्या क्षेत्र कोड/मोबाइल नंबर/ ई-मेल के साथ पिन कोड/फोन नंबर से संबंधित विवरण भरना आवश्यक है?**

**उत्तर :** उम्मीदवार द्वारा पिन कोड, एक टेलीफोन नंबर (आवास, कार्यालय या मोबाइल नंबर) और ई-मेल पता भरा जाना अनिवार्य है। आयोग, से आवेदक द्वारा उसके ऑनलाइन आवेदन में दिए गए मोबाइल नंबर और ई-मेल पते पर ही आवेदक से इलेक्ट्रॉनिकी रूप से संपर्क करता है।

**प्रश्न 6 : एक मॉडयूल/भाग (पृष्ठ) के सभी कॉलम पूर्ण रूप तरह से भर दिए जाने पर मैं अगले पृष्ठ पर कैसे जा सकता हूं?**

**उत्तर** : एक मॉड्यूल/भाग (पृष्ठ) पूर्ण रूप से भर दिए जाने पर आपको उसी मॉडयूल/भाग (पृष्ठ) पर नीचे स्थित के बॉटम पर "Save and continue" (सहेजे व जारी रखें) बटन पर क्लिक करना चाहिए। उसके बाद यदि सिस्टम द्वारा मॉड्यूल/भाग का प्रदर्शन अनुक्रम में नहीं है तो उस वांछित मॉडयूल/भाग (पृष्ठ) पर क्लिक करें, जिस पृष्ठ पर आप जाना चाहते हैं।

**प्रश्न 7 : शुल्क भुगतान से छूट किसे दी गई है?**

**उत्तर :** सभी महिला उम्मीदवार और शारीरिक विकलांग (पी.एच) उम्मीदवार तथा अनुसूचित जाति (एस.सी) अनुसूचित जनजाति (एस.टी) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है। यदि, आप उपर्युक्त में से किसी भी श्रेणी से संबंधित नहीं हैं तो आपको शुल्क का भुगतान करना होगा।

**प्रश्न 8 : ऑनलाइन भर्ती आवेदन के लिए शुल्क का भुगतान करने की प्रक्रिया क्या है?**

**उत्तर :** शुल्क के भुगतान के लिए तीन विकल्प उपलब्ध हैं: (i) डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान करें: आवेदक किसी भी बैंक/संस्था द्वारा जारी किसी वीजा/मास्टर डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन शुल्क अदा कर सकता हैं। (ii) भारतीय स्टेट बैंक या इसके 5 सहयोगी बैंकों (स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर तथा स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर) की नेट बैकिंग सुविधा द्वारा भुगतान करें। (iii) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के किसी भी शाखा में नकद भुगतान करें: यदि कोई आवेदक शुल्क का नकद भुगतान करना चाहता है तो उसे "प्रिंट बैंक भुगतान पर्ची" विकल्प पर क्लिक करके भुगतान पर्ची का प्रिंट ले लेना चाहिए। इस भुगतान पर्ची का उपयोग करके आवेदक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की किसी भी शाखा में नकद रूप में शुल्क जमा कर सकता है। बैंक शुल्क के नकद भुगतान के लिए किसी अन्य चालान/फॉर्म को स्वीकार नहीं करेगा। इस भुगतान पर्ची द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात, बैंक एक "लेन-देन आईडी" प्रदान करेगा। आवेदक को ओआरए वेबसाइट पर दोबारा लॉग-इन करना होगा और शुल्क भुगतान का विवरण भर कर ऑनलाइन भर्ती आवेदन को जमा करना शुरू करना होगा।

**प्रश्न 9 : मैंने, भारतीय स्टेट बैंक या इसके सहयोगी बैंकों के क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग सुविधा के माध्यम से भुगतान कर दिया है, लेकिन ओआरए सिस्टम "शुल्क का भुगतान नहीं किया" दिखा रहा है। मैं, किए गए भुगतान की जांच/अद्यतन कैसे कर सकता हूं?**

**उत्तर :** भुगतान करने के पश्चात, भुगतान विवरण ओआरए सिस्टम पर अद्यतन किए जाते हैं। यह सलाह दी जाती है कि यदि आप बार-बार प्रयास करने के पश्चात भी क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से शुल्क अदा नहीं कर पा रहे हैं, तो आप नकद भुगतान मोड या भारतीय स्टेट बैंक तथा इसके 5 सहयोगी बैंकों की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात, आप अपना आवेदन, "मेरा खाता" (अंतिम रूप से जमा मेरा आवेदन) से देख सकेंगे।

**प्रश्न 10 : मैंने क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से कई बार (मल्टीपल) भुगतान किए हैं। क्या भुगतान की गई अतिरिक्त राशि मुझे लौटा दी जाएगी?**

**उत्तर :** हां, किसी आवेदन नबंर के लिए किए गए अतिरिक्त भुगतान को तीन-चार दिनों के भीतर स्वत: लौटा दिया जाएगा।

**प्रश्न 11 : क्या मैं किसी भी राष्ट्रीयकृत/निजी बैंक में नकद शुल्क जमा कर सकता हूं?**

**उत्तर :** नहीं, केवल भारतीय स्टेट बैंक या इसके सहयोगी बैंकों में ही ओआरए से जेनरेटिड चालान के माध्यम से नकद रूप में शुल्क जमा किया जा सकता है।

**प्रश्न 12 : मैंने, "प्रिंट" विकल्प पर क्लिक करके भुगतान पर्ची का प्रिंट ले लिया है। मैंने, भारतीय स्टेट बैंक या इसके सहयोगी बैंकों की शाखा में इस भुगतान पर्ची के माध्यम से नकद राशि जमा कर दी है। यदि, मैं अब सिस्टम से लॉग-आउट करता हूं तो मैं अपने शुल्क का लेन-देन विवरण प्रस्तुत करने के लिए सिस्टम में कैसे पुन: प्रवेश करूंगा?**

**उत्तर :** लेन-देन आईडी नंबर प्राप्त करने के बाद आवेदक को फिर से पंजीकरण आईडी और पासवर्ड का प्रयोग करके लॉग-इन करना चाहिए। लॉग-इन के पश्चात "सक्रिय आवेदन" पर चेक-इन करें और आप अपने आवेदन किए गए पद के अंतर्गत "भुगतान शुल्क" का लिंक देखेंगे। उस लिंक पर क्लिक करें और उसके बाद विभिन्न कॉलमों में संबंधित विवरण दर्ज करें। पंजीकरण आईडी, भुगतान पर्ची पर भी उपलब्ध है।

**प्रश्न 13 : क्या ओआरए के माध्यम से जेनरेटिड भुगतान-पर्ची से भिन्न नकद रूप में शुल्क भुगतान करने के लिए कोई अन्य फॉर्म/चालान है?**

**उत्तर** : नहीं, आवेदक को अनिवार्यत: ओआरए सिस्टम द्वारा जेनरेटिड भुगतान-पर्ची का ही प्रयोग करना चाहिए। बैंक (एसबीआई) किसी दूसरे फॉर्म या चालान के माध्यम से शुल्क (नकद रूप में) स्वीकार नहीं करेगा।

**प्रश्न 14 : मैं, अपना फोटोग्राफ/हस्ताक्षर कैसे अपलोड करूंगा?**

**उत्तर** : फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर .jpg फॉर्मेट में स्कैन किए जाने चाहिए तथा **"फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड"** मॉडयूल में अपलोड किए जाने चाहिए।

**प्रश्न 15 : फोटोग्राफ श्वेत और श्याम (ब्लैक एण्ड व्हाइट) होना चाहिए या रंगीन?**

**उत्तर** : श्वेत और श्याम (ब्लैक एण्ड व्हाइट) तथा रंगीन दोनों फोटोग्राफ स्वीकार्य है बशर्ते कि वे दिए गए विर्निदेशों के अनुरूप हो तथा फोटोग्राफ की गुणवत्ता भी स्पष्ट रूप से पहचाने जाने और स्वीकार करने योग्य हो।

**प्रश्न 16 : स्कैन की गई फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर का आकार क्या होना चाहिए?**

**उत्तर** : उम्मीदवार को अपने हस्ताक्षर, जो श्वेत पेपर पर काली स्याही वाले पेन से किए गए हो, स्कैन करना चाहिए। फोटोग्राफ/हस्ताक्षर प्रत्येक की स्कैन की गई छवियों का आकार 40 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए (फोटोग्राफ के लिए, पिक्सल आकार 140 पिक्सल ऊंचाई 110 पिक्सल चौड़ाई है तथा हस्ताक्षर के लिए यह 110 पिक्सल ऊंचाई 140 पिक्सल चौड़ाई है)।

**प्रश्न 17 : यदि फोटोग्राफ विनिर्दिष्ट किए अनुसार समुचित पिक्सल आकार का नहीं है तो इसे कैसे बदला जाए?**

**उत्तर** : किसी भी इमिज एडिटिंग सॉफ्टवेयर जैसे एमएस-पैंट (ms-paint) या इरफानव्यू (Irfanview) का प्रयोग करें। इमिज का चयन करने के पश्चात क्रॉप विकल्प का प्रयोग करके अनावश्यक प्रिंट एरिया को हटा दे। समुचित पिक्सल साइज के लिए रिसाइज विकल्प का प्रयोग करके करें। क्रॉपिंग/रि-साइजिंग के लिए सहायता यहां http://upsconline.nic.in/certificate/resize_crop.php पर देखी जा सकती है।

**प्रश्न 18 : यदि फोटोग्राफ वांछित प्रारूप में नहीं है, तो मैं इसे कैसे परिवर्तित कर सकता हूं?**

**उत्तर** : यदि इमिज किसी भी अन्य फॉर्मेट जैसे .tiff, .bmp आदि में है तो MS-Paint या Irfanview में फोटो को खोलें और वांछित फॉर्मेट (.jpg) में इसे सेव करने के लिए "SAVE AS" (सेव एज ) विकल्प पर क्लिक करें।

**प्रश्न 19 : मैं, ऑनलाइन आवेदन के विभिन्न मॉडयूल में भरी गई जानकारी में कैसे परिवर्तन/परिवर्धन/ विलोपन कर सकता हूं?**

**उत्तर :** जमा करने से पूर्व ऑनलाइन आवेदन के किसी भी मॉड्यूल (पंजीकरण मॉडयूल छोड़कर) में भरी हुई जानकारी में आप परिवर्तन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के पश्चात इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

**प्रश्न 20- क्या "अनिवार्य योग्यताओं" के अंतर्गत पहले से ही उल्लिखित किसी योग्यता के संगत होने पर "वांछनीय योग्यताओं" के अंतर्गत इसका पुन: उल्लेख करना होगा?**

**उत्तर-** उम्मीदवार को अपनी संगत वांछनीय योग्यता (ओं) का उल्लेख 'वांछनीय योग्यताओं' के अंतर्गत करना चाहिए, भले ही 'अनिवार्य योग्यताओं' के अंतर्गत पहले ही इसका उल्लेख किया गया हो या नहीं।

**प्रश्न 21 : ऑनलाइन भर्ती आवेदन भरने के पश्चात, मैं खाली स्क्रीन/ इंटरनेट कनेक्शन हट गया/ मेरा पीसी बंद / हंग/ शटडाउन पाता हूं। क्या मेरा आवेदन सेव हो गया?**

**उत्तर :** आप अलग अलग समय में (MULTIPLE SITTINGS) विभिन्न मॉडयूल भर सकते हैं। प्रत्येक मॉडयूल पूरा करने के पश्चात आपको "Save and continue" (सहेजे व जारी रखें) बटन पर क्लिक करना होगा। संबंधित जानकारी जहां आपने अंतिम बार सेव करने के लिए "Save and continue" (सहेजे व जारी रखें) बटन क्लिक किया, उस प्वाइंट तक जानकारी सेव हो जाएगी।

**प्रश्न 22 : मुझे ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ओआरए) भरने में समस्या हो रही है। मैं अपनी समस्या का निवारण कैसे कर सकता हूं ?**

**उत्तर :** कृपया निम्नानुसार आगे बढ़े :-

**चरण -1** यह सुनिश्चित करें कि आपका वेब ब्राउजर/इंटरनेट ब्राउजर नवीनतम वर्जन (संस्करण) का है, जावा स्क्रिप्ट सक्षम है, पॉप-अप ब्लॉकर डिसेबल्ड है, यदि समस्या अभी भी जारी रहती है तो चरण 2 पर जाए।

**चरण -2** पुन: वर्तमान रिक्ति पृष्ठ के दाईं ओर के कोने पर उपलब्ध वेब लिंकों के माध्यम से देखे जा सकने योग्य निम्नलिखित दस्तावेजों की संगत मदों/भागों को देखें: उम्मीदवार के लिए भर्ती विज्ञापन अनुदेश- एफएक्यू।

**चरण -3** यदि समस्या अभी भी हल नहीं होती है तो कृपया लॉग-इन पृष्ठ पर उपलब्ध 'फीडबैक' लिंक का प्रयोग करके पेश आ रही समस्याओं के बारे में संघ लोक सेवा आयोग को सूचित करें। अपने फीडबैक में, कृपया अपनी समस्या का विवरण दें ताकि आयोग आपकी समस्या का समाधान करने के लिए आपसे संपर्क कर सकें।

**प्रश्न 23 : मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरा ऑनलाइन भर्ती आवेदन सेव हो गया है और आयोग में प्राप्त हो गया है?**

**उत्तर :** "MY ACCOUNT" (मेरे खाता) (मेरा अंतिम रूप से जमा आवेदन) लिंक पर क्लिक करने पर प्रदर्शित सूची में अंतिम रूप से जमा किया गया आपका आवेदन अवश्य उपलब्ध होगा। कृपया आयोग के साथ सभी भावी पत्राचार के लिए अपने ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट रखें।

**प्रश्न 24 : मैंने ऑनलाइन भर्ती आवेदन जमा कर दिया है। क्या मुझे आवेदन का प्रिंट आउट डाक द्वारा/ दस्ती संघ लोक सेवा आयोग को भेजना चाहिए?**

**उत्तर :** नहीं, आपको आवेदन का प्रिंटआउट डाक द्वारा/ दस्ती संघ लोक सेवा आयोग को भेजने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, यदि आपको साक्षात्कार हेतु लघुसूचीबद्ध किया जाता है तो आपको अपने ऑनलाइन आवेदन के साथ अन्य दस्तावेजों का प्रिंटआउट लाना होगा, जिसके लिए आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

**प्रश्न 25 : ऑनलाइन भर्ती आवेदन को प्रस्तुत करने के पश्चात मुझे क्या-क्या विवरण रखना चाहिए?**

**उत्तर :** आपको महत्वपूर्ण सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन भर्ती आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात, आप जमा किए गए ऑनलाइन भर्ती आवेदन का प्रिंटआउट अवश्य ले लें तथा उक्त प्रिंटआउट को भावी के संदर्भ के लिए रखें। आपको यह भी सलाह दी जाती है कि शुल्क भुगतान का प्रमाण रखें, जो किसी भी विसंगति के मामले में आयोग द्वारा मांगा जा सकता है।

**प्रश्न 26 : क्या मैं निर्धारित अंतिम तारीख के बाद अर्थात् अंतिम तारीख को 23:59 बजे लिंक डिसेब्ल होने के पश्चात अपने अंतिम रूप से प्रस्तुत आवेदन का प्रिंट आउट ले सकता हूं?**

**उत्तर :** ऑनलाइन भर्ती आवेदन का प्रिंट आउट निर्धारित अंतिम तारीख के पश्चात 24 घंटे तक "MY ACCOUNT" (मेरा खाता) लिंक से लिया जा सकता है।

**प्रश्न 27 : आयोग के साथ पत्राचार करते समय मुझे कौन सा विवरण देना चाहिए?**

**उत्तर :** आयोग, उम्मीदवारों तथा आयोग के अधिकारियों के बीच संप्रेषण/पत्राचार को प्रोत्साहित नहीं करता है। तथापि, यदि आयोग के साथ पत्राचार करना आवश्यक हो तो आप निम्नलिखित विवरण-पद का नाम जिसके लिए आपने आवेदन किया है, रिक्ति संख्या, विज्ञापन संख्या, पंजीकरण आईडी, आवेदक का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि तथा ओआरए वेबसाइट द्वारा जेनरेटिड आवेदन नंबर का उल्लेख अवश्य करें।

**प्रश्न 28 : जिस पद के लिए मैंने अपना ऑनलाइन भर्ती आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर दिया है, उस पद के लिए भर्ती से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए मैं किससे संपर्क कर सकता हूं?**

**उत्तर :** आप संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा काउंटर से टेलीफोन नंबर 011-23098543, 23385271 तथा 23381125 पर संपर्क कर सकते हैं या धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069 पर संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा काउंटर पर विजिट कर सकते हैं या चयन द्वारा भर्ती से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट www.upsc.gov.in (Recruitment Link) देख सकते हैं।